# **भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा - 2022 का आयोजन।**

भारत सरकार के नीतिगत निर्देशानुसार भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 14/09/2022 से दिनांक 29/09/2022 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निदेशानुसार हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर, 2022 को सुरत, गुजरात में केंद्रीकृत रूप से किया गया और समापन दिनांक 30 सितंबर, 2022 को कार्यालय में किया गया ।

उक्त कार्यक्रम में भारतीय खान ब्यूरो की ओर से डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक (टी.एम.पी.) एवं राजभाषा अधिकारी तथा श्री गुमना राम, उप खान नियंत्रक, गांधीनगर क्षेत्रीय कार्यालय ने भाग लिया। साथ ही दिनांक 15 सितम्बर 2022 को संपन्न हुए द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन में भी उक्त अधिकारी उपस्थित थे।

हिंदी पखवाड़ा - 2022 के दौरान दिनांक 29/09/2022 से 30/09/2022 तक कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रतियोगिताओं में सामान्य हिंदी निबंध प्रतियोगिता, तकनीकी हिंदी निबंध प्रतियोगिता, तकनीकी हिंदी निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी शुद्ध लेखन प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, राजभाषा हिंदी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, हिंदी तात्कालिक वाक् प्रतियोगिता एवं राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता प्रमुख हैं। कार्यालय के हिंदी एवं हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए अलग - अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में कार्यालय के कार्मिकों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया।




**हिंदी पखवाड़ा के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कार्मिक**

हिंदी पखवाड़ा की अवधि में दिनांक 26/09 /2022 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक अर्द्ध दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर के विभिन्न अनुभागों / प्रभागो के कुल 21 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । हिंदी कार्यशाला में वेस्टर्न कोल फिल्डस कार्यालय के डॉ. मनोज कुमार,सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर ने संघ की राजभाषा नीति एवं भाषा आदि विषयों पर अपने व्याख्यान दिए ।

अपने व्याख्यान में डॉ. मनोज कुमार ने प्रतिभागियों के समक्ष भारत सरकार की राजभाषा नीति, संघ के घटनाक्रम एवं अंको के रोमन,अंग्रेजी एवं देवनागरी स्वरूपो की विस्तृत जानकारी दी तथा हिंदी में कार्य करने के आसान व सरल तरीके बताते हुए भाषा की उपयोगिता की जानकारी हुए इसे व्यापार एवं व्यवसाय हेतु अति महत्वपूर्ण बताया । इसके अलावा गृह मंत्रालय द्धारा राजभाषा की वेबसाईट पर उपलब्ध ऐप के बारे में भी काफी रोचक जानकारी दी । हिन्दी में कार्य करने के लाभ बताते हुए हिन्दी के विभिन्न पुरस्कारों के बारे में बताया । यह कार्यशाला सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी । कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए अपनी समस्याओं का निवारण किया ।

दिनांक 30/09/2022 को श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा - 2022 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक श्री मुकुंद पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । साथ ही डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक (टी.एम.पी.) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के आरम्भ में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री **श्री अमित शाह जी**, माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खानमंत्री **श्री प्रल्हाद जोशी जी** तथा मंत्रिमंडल सचिव **श्री राजीव गौबा** का सन्देश मंचासीन अधिकारीयों द्वारा वाचन किया गया । हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर भारतीय खान ब्यूरो नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' - 2022 का विमोचन भी किया गया ।




**भारतीय खान ब्यूरो नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' का विमोचन**

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पंकज कुलश्रेष्ठ ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया और कहा कि विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। उन्होंने कहा की हिंदी की बढ़ोतरी का प्रयास जारी रखना चाहिए।




**सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी)**

इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मुकुंद पी. चौधरी ने राजभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला और हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' - 2022 की प्रशंसा की ।




**सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मुकुंद पी. चौधरी, अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक, मॉयल लिमिटेड**

डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक (टी.एम.पी.) एवं राजभाषा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी । उन्होंने आगे कहा की विदेशों में भी हिंदी काफी प्रचलित है तथा विश्व के अनेक विश्विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है । इसके पूर्व श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियां सभा के समक्ष पढ़कर सुनायी ।




**सभा को संबोधित करते हुए डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक (टी.एम.पी.) एवं राजभाषा अधिकारी**

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी), मुख्य अतिथि महोदय एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सुचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा दिया गया। उक्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, कु. वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, अवर श्रेणी लिपिक, श्री एन. एम. मोरे, प्रेसमैन तथा श्री ए. के. नाल्हे, एम.टी.एस. का पूर्ण योगदान रहा।

लोकमत समाचार अपना नागपुर

रविवार, 9 अक्तूबर 2022 | 3
epaper.lokmat.com/lokmatsamachar

### भारतीय खान ब्यूरो में पुरस्कार वितरित


**नागपुर :** भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के मुख्यालय में मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) पंकज कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गत दिनों हुआ. मॉयल के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक मुकुंद पी. चौधरी मुख्य अतिथि थे. इस दौरान खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी डॉ. वाई.जी. काले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे. इस मौके पर हिंदी गृह पत्रिका खान भारती का विमोचन हुआ. डॉ. काले ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का महत्व स्पष्ट किया. खान भारती के संपादक अभिनय कुमार शर्मा ने आईबीएम की हिंदी संबंधी कार्यों की उपलब्धियां बताईं.



खान भारती का विमोचन करते हुए पंकज कुलश्रेष्ठ, मुकुंद पी. चौधरी एवं डॉ. वाई.जी. काले.

### आयबीएममध्ये कार्यशाळा

**नागपूर.** भारत सरकारचे राजभाषा धोरणाचे कार्यान्वयन व हिंदीचा प्रचार-प्रसार व प्रगतीचा उद्देश लक्षात घेता भारतीय खाण ब्यूरो मुख्यालयात हिंदी पंधरवडा आयोजित करण्यात आला. कार्यशाळेत भारतीय खाण ब्यूरोच्या विविध प्रभागांतील एकूण 21 अधिकारी व कर्मचाऱ्यांनी सहभाग घेतला. हिंदी कार्यशाळेत वेस्टर्न कोलफिल्डस कार्यालयाचे डॉ. मनोज कुमार यांनी संघाचे राजभाषा धोरण व भाषा आदी विषयांवर व्याख्यान दिले. कुमार यांनी उपस्थितांना भारत सरकारचे राजभाषा धोरण, संघाचा घटनाक्रम व अंकाचे रोमन, इंग्रजी व देवनागरी स्वरूपांबाबत विस्तृत माहिती दिली. अभिनय कुमार शर्मा यांनी सर्वांचे आभार मानले.



THE TIMES OF INDIA, NAGPUR
WEDNESDAY, OCTOBER 5, 2022

YOUR NEWS

### IBM holds Hindi Pakhwada concluding ceremony



Concluding and prize distribution ceremony of **Hindi Pakhwada 2022** was organized under the chairmanship of **Pankaj Kulshrestha,** chief controller of mines (in-charge) at **Indian Bureau of Mines** (HQ) recently. CMD of MOIL Limited, **Mukund Choudhary** was the chief guest. **YG Kale,** mine controller (TMP) and Rajbhasha officer, and other senior officers, personnel were present on the occasion. **Hindi book** of IBM Nagpur **'Khan Bharti 2022'** was also released on the occasion. Kulshrestha stressed on the maximum use of official language Hindi. Choudhary threw light on the importance of Rajbhasha. **Kulshrestha and Kale** distributed awards to the winners of various competitions of Hindi Pakhwada. **Vinay Kumar Saxena** conducted the proceedings while **Asim Kumar** proposed a vote of thanks.

दैनिक भास्कर

महानगर

नागपुर, शनिवार, 1 अक्टूबर 2022 | 14

# हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरित



नागपुर। भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय) नागपुर में पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक मुकुंद पी. चौधरी उपस्थित थे। डॉ. वाय.जी. काले, खान नियंत्रक (टीएमपी), राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे। गृह एवं सहकारिता मंत्री, संसदीय कार्य कोयला एवं खानमंत्री तथा मंत्रिमंडल सचिव का संदेश अधिकारीयों द्वारा वाचन किया गया। भारतीय खान ब्यूरो नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती'-2022 का विमोचन भी किया गया। अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने गत वर्ष की हिंदी संबंधी कार्यों की उपलब्धियां रखी। पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को श्री कुलश्रेष्ठ, श्री चौधरी तथा डा. काले ने पुरस्कार वितरित किए। संचालन विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया। आभार असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने माना।